हरिभूमि
# सरगुजा-भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 9 मई 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

A Project By
MATASHRI REALITIES

RERA
CHHATTISGARH
PCGRERA060426002078

## जहाँ हर प्लॉट बने आपके घर की शुरुआत...




**Site Address :** Pooja Residency, Before Housing Board Colony, Chilhati, Mopka, Bilaspur (C.G.)

**DISTANCE**

Railway Station - 8 Km.
Appolo Hospital - 6 Km.
Petrol Pump - 0.4 Km.
RTO Office - 2 Km.
Brilliant School - 6 Km.
DAV Public Schoool - 6Km.

**AMENITIES**

- BT Road
- Grand Entrance Gate
- Solar Street Light
- Transformer as per CSPDCL Norm
- Garden
- Water Supply each Plot
- Rain water Harvesting

**BANK PARTNER**

SBI | HDFC BANK | Central Bank of India | kotak Kotak Mahindra Bank | LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD | ICICI Bank

*T&C Apply

**Contact For Booking**
ANIL KUMAR AGRAWAL : Mo.: 9826528900, 7000175594
SARTHAK AGRAWAL : Mo.: 7999765949, 9009555591
UMAKANT RATHORE : Mo.: 9329960336

**Developers:**
Mathashri Realities Office No.- 204/206, 2nd Floor, Infinity Buisiness Park, Vyapar Vihar Zone No.-1, Taramandal Road, Bilaspur (C.G.) 495001

Web : www.poojaresidency.co.in
Email : abrointrade@gmail.com

## खबर संक्षेप

### सबेरे तेज धूप, दोपहर बाद बारिश के आसार

**सोनहत।** ब्लाक स्तर पर इन दिनों मौसम रोज दर रोज बदलता नजर आ रहा है। हालत है 8 मई को सबेरे भोर 4 बजे हल्की बारिश होने के बाद सबेरे 7 बजे 1 बजे तक तेज चिलचिलाती धूप होने से आम जन उमस गर्मी , पसीने से तरबतर होते रहे। दोपहर बाद मौसम 3 बजे तक आसमान में बादलों के छाने एवं हल्की बूंदाबांदी होने से बारिश होने के आसार बनते नजर आने लगे। मौसम के लगातार रह रहकर बदलने से किसानों ने बारिश समय से पहले आने को लेकर खेती की आगामी तैयारी करने जुटने लगे है।

### आदर्श सरस्वती विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

**बैकुंठपुर।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में शहर स्थित आदर्श सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के छात्र सिद्धांत सिंह ने हायर सेकेंडरी परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया। वहीं छात्र सत्यम कुमार तिवारी एवं छात्रा पूनम गुप्ता ने भी 90 प्रतिशत अंकों के साथ उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। हाईस्कूल परीक्षा में छात्र आशुतोष गुप्ता ने 94.5 प्रतिशत, प्रज्ञा सिंह ने 92.6 प्रतिशत, अदिति तिवारी ने 91.8 प्रतिशत तथा भुननेश्वरी देवी ने 91.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के व्यवस्थापक रामकिंकर पाण्डेय ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कांसाबेल विकास खंड के 12 जोड़े विवाह बंधन में बंधे

**जशपुरनगर।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा कांसाबेल विकास खंड के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परिसर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कुल 12 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ जिसमें 9 जोड़े हिंदू और 03 जोड़े ईसाई समुदाय से थे सर्वप्रथम परिसर में बारात निकाला गया इसमें वर पक्ष एवं वधू पक्ष के परिवार के सदस्यों शामिल हुए। वधु पक्ष द्वारा बारात का स्वागत किया गया इस विवाह कार्यक्रम में श्रीमती सरिता भगत जनपद पंचायत अध्यक्ष कांसाबेल प्रमोद गुप्ता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कांसाबेल सुनील गुप्ता मोतीलाल भगत श्रीमती शिप्रा दास जनपद पंचायत सदस्य कांसाबेल सुभाष गुप्ता अनूप कश्यप संजय सिंह परियोजना अधिकारी योगेश भगत राजेश क्षीरसागर लक्षण राम सोरेन तथा कांसाबेल एवं दोकड़ा के पर्यवेक्षक उपस्थित हो कर नव विवाहित दंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किए।

# नई कलेक्टर संतन ने संभाली मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले की कमान



कलेक्टर संतन देवी।

**खास बात**

- कलेक्ट्रेट के सभी विभागों का किया औचक निरीक्षण, अफसरों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले को 8 मई को नई प्रशासनिक नेतृत्वकर्ता के रूप में कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने अपना पदभार संभाल लिया है। जिला कार्यालय पहुंचने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका आत्मीय स्वागत करते हुए पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद ही कलेक्टर सुश्री जांगड़े पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आईं।

उन्होंने बिना समय गंवाए कलेक्ट्रेट परिसर की विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण किया और कार्यालयीन व्यवस्थाओं, अभिलेखों के संधारण तथा आमजन से जुड़े कार्यों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उनके इस सक्रिय और अनुशासित कार्यशैली ने पहले ही दिन प्रशासनिक अमले में नई ऊर्जा का संचार कर दिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विभिन्न शाखाओं में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और विभागीय कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्यालय में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या को गंभीरता से सुना जाए तथा लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर सुश्री जांगड़े ने फाइलों के सुव्यवस्थित रखरखाव, कार्यालयीन अनुशासन और समयबद्ध कार्य संस्कृति

- आम जनता को मिलेगी त्वरित, सुलभ और पारदर्शी सुविधाएं

पर विशेष जोर देते हुए कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था तभी मजबूत होगी जब आम जनता को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं मिलेंगी।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप जिले के विकास कार्यों को गति देने और ग्रामीण से शहरी क्षेत्र तक योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एमसीबी जिले का सर्वांगीण विकास, बेहतर प्रशासनिक समन्वय और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी कार्यशैली का मूल आधार होगा। उन्होंने टीम भावना के साथ कार्य करने पर बल देते हुए सभी अधिकारियों से जनहित को सर्वोपरि रखने की अपील की। गौरतलब है कि सुश्री संतन देवी जांगड़े इससे पूर्व स्वास्थ्य विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुकी हैं। प्रशासनिक अनुभव और कुशल कार्यशैली के लिए पहचानी जाने वाली सुश्री जांगड़े के नेतृत्व में अब एमसीबी जिले में विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंकिता सोम, अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोंगरे, अनिल कुमार सिदार, जिले के समस्त एसडीएम, जनपद सीईओ, तहसीलदार, वरिष्ठ विभागीय अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख उपस्थित रहे।

## विदाई समारोह में भावुक हुए कलेक्टर डी. राहुल




मनेन्द्रगढ़। एमसीबी जिले के स्थानीय कलेक्ट्रेट परिसर में 7 मई को भावुक और गरिमामय माहौल के बीच जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट को उनके स्थानांतरण पर भव्य विदाई दी गई। समारोह में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों की बड़ी उपस्थिति रही। पूरे कार्यक्रम के दौरान भावनाओं का ऐसा माहौल बना रहा कि कई कर्मचारियों की आँखें नम दिखाई दीं। समारोह में समस्त विभागीय अधिकारियों ने कहा कि आपने ने अपने कार्यकाल के दौरान जिले को विकास की नई दिशा दी। उनकी प्रशासनिक कार्यशैली, आम जनता के प्रति संवेदनशीलता और समस्याओं के त्वरित निराकरण की कार्य पद्धति ने उन्हें आमजन के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया।

### झारखंड गढ़वा से लाए थे नशीली दवाईयां, पटना पुलिस ने की कार्रवाई

# नशीले इंजेक्शन के साथ दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के पटना थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अंतर्राज्यीय नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1095 नग नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन एवं सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक के मार्गदर्शन में जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला साइबर टीम, थाना



प्रभारी पटना एवं थाना स्टाफ की संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर आरोपी अमृता पटेल एवं रामबाई को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी झारखंड के गढ़वा क्षेत्र से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन लेकर ग्राम डुमरिया क्षेत्र में बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहे थे। आरोपियों के पास से रेक्सोजेसिक /ब्यूप्रेनॉर्फिन इंजेक्शन एवं एविल इंजेक्शन सहित कुल 1095 नग नशीले इंजेक्शन जब्त किए गए। मामले में थाना पटना में अपराध क्रमांक 128/2026 के तहत धारा 22 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया में भेजा गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर नशे के अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है। कोरिया पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समाज को नशे के दुष्प्रभाव से बचाया जा सके।

# तेंदूपत्ता संग्रहण में जुटे श्रमिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

ब्लाक स्तर पर विभिन्न ग्रामों में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य आरम्भ होने जा रहा है। खंड स्तर पर वन परिक्षेत्र सोनहत के तहत सोनहत, रामगढ़, आनंदपुर समिति एवं देवगढ़ वन परिक्षेत्र के तहत कटगोड़ी, अक्लासरई, कैलाशपुर समिति के द्वारा कुल 6 समितियों के माध्यम से खरीदी कार्य विभिन्न फंडों में किया जाएगा। तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य ग्रामीण श्रमिकों के खास आय का साधन होने से सबेरे 5 बजे श्रमिक परिवार इन दिनों जंगलों में पहुंच कर तेंदूपता का संग्रहण कार्य करने जुटने लगे है।

मुख्यालय सहित विभिन्न ग्राम के तेंदूपत्ता संग्रहण करने में लगे



तेंदूपत्ता संग्रहण कर ले जाती महिलाएं।

श्रमिकों ने जानकारी देते हुए बताया कि तेंदूपता संग्रहण के लिए श्रमिक कार्ड बनवाने के लिए भारी समस्या है। हालत है कि विगत कई दिनों से फड़ खरीदी करने मुंशी के चक्कर काटने के बाद भी तेंदूपता संग्रहण का कार्ड नहीं बन पाना समस्या बन गया है। श्रमिकों ने संबंधित विभाग से श्रमिकों के हित में उचित व्यस्था करने का आग्रह किया ताकि शासन स्तर से गरीबी के जारी तेंदूपता संग्रहण के संबंधित फड़ में अपनी मेहनत की कमाई पा सके।

## जंगल के रास्ते भागे गौ तस्कर टाटा सुमो से 5 गौवंश छुड़ाए

**जशपुरनगर।** जिले में गौ तस्करी के खिलाफ जशपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टाटा सुमो में बेरहमी से भरकर ले जाए जा रहे 5 गौवंशों को सकुशल मुक्त कराया है। पुलिस की घेराबंदी देख तस्कर वाहन छोड़कर जंगल के रास्ते फरार हो गए। वहीं, गौ तस्करी के एक पुराने मामले में महीनों से फरार चल रहे आरोपी महबूब शाह उर्फ हगन महबूब उर्फ लकड़ बाबा को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

जिले में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में चल रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत गौ तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जिले में गौ तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान और तेज किया जाएगा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 5:30 बजे लोदाम पुलिस को सूचना मिली थी कि एक टाटा सुमो गोल्ड वाहन में पीछे की सीटें निकालकर गौवंशों को ठूंस-ठूंसकर भरा गया है और उसे झारखंड की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने आरटीओ बैरियर पर नाकेबंदी कर जांच शुरू कर दी। इसी दौरान जशपुर की ओर से आ रही संदिग्ध टाटा सुमो क्रमांक सीजी- 07- एएन-1089 को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन को तेज रफ्तार से भगाने लगा। इसके बाद पुलिस टीम ने पीछा शुरू किया। कुछ दूरी पर ग्राम पीड़ी मार्ग स्थित झाबू नदी पुल के पास तस्कर वाहन छोड़कर जंगल की ओर भाग निकले। पुलिस जब वाहन तक पहुंची तो अंदर का नजारा देखकर टीम भी हैरान रह गई। वाहन की पीछे की सीटें निकाल दी गई थीं और उसमें 5 गौवंशों को बेरहमी से ठूंसकर भरा गया था।



- जशपुर पुलिस का ऑपरेशन शंखनाद जारी
- पुराने मामले का फरार आरोपी भी गिरफ्तार

### 50 लीटर अवैध शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधर नगर पुलिस ने ग्राम एकताल में कार्रवाई करते हुए 50 लीटर अवैध शराब के साथ कोचिए को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने एकताल ग्राम के स्कूलपारा में छापेमार कार्रवाई करते हुए संदीप चौहान पिता सत्यनारायण चौहान के घर में दबिश दी, जहां आरोपी अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण और बिक्री करता पाया गया । इस कार्रवाई में पुलिस ने घर की बाड़ी से दो प्लास्टिक पॉलिथीन में रखी कच्ची महुआ शराब जब्त की। आरोपी संदीप चौहान के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## कुनकुरी नगर में लगा 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज

**जशपुरनगर।** कुनकुरी नगर में गर्व और देशभक्ति की नई ऊंचाई छूते हुए 100 फीट ऊंचा विशाल राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) नगर के तालाब के सामने स्थापित कर दिया गया है। यह गौरवशाली कार्य नगर पंचायत के अध्यक्ष और कांग्रेस पार्टी के युवा नेता विनयशील के अथक प्रयासों, नेतृत्व और देशभक्ति सोंच के बदौलत संभव हो सका है। विनयशील के चुनाव जीतकर आने के पूर्व कुनकुरी नगर पंचायत में मात्र 15 करोड़ रुपये के कार्य हुए। शहर में कोई कार्य दिखाई नहीं पड़ता था। जिस तालाब में तिरंगा झंडा लगाया गया है उसका कार्य भी तब तक अधूरा था जब तक विनयशील ने पदभार नहीं संभाला था। मुख्यमंत्री की विधानसभा के एकलौते नगर पंचायत कुनकुरी का चुनाव जीतकर आने के बाद से विनयशील ने कार्य की प्राथमिकताएं बदली।



### गजराज दल मास्टर टावर के पास

**सोनहत।** खंड स्तर पर विभिन्न आसपास जंगलों में गजराज के होने जानकारी ग्रामीणों से मिली है। 8 मई को सबेरे लगभग 9 बजे के आसपास पार्क क्षेत्र के मास्टर टावर के पास गजराज दल का एक सदस्य विचरण करते देखे जाने से काफी देर तक रामगढ़ से सोनहत आने जाने वाले बाइक सवार सतर्क हो आमजन रोक दिए। काफी देर बाद गजराज के अंदर जंगल में जाने की खबर मिलने के बाद फिर सामान्य तौर पर लोग आते जाते रहे। गजराज दल के विगत दिवस ग्राम शेराडांड में हुए घटना से आमजन गजराज को लेकर घट में है।

## आज राष्ट्रीय लोक अदालत में मिनटों में सुलझेंगे विवाद

**मनेन्द्रगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 9 मई 2026 को प्रातः 10:00 बजे से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुण्ठपुर कोरिया सिविल न्यायालय मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, जनकपुर तथा जिला एमसीबी के सभी राजस्व न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

इस आयोजन को लेकर जिलेभर में व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्वरित निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत में आपराधिक राजीनामा योग्य प्रकरण, दीवानी मामले, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक एवं विद्युत विभाग से संबंधित विवाद, निष्पादन प्रकरण, पारिवारिक विवाद सहित ऐसे बैंक प्रकरण जिनका अभी न्यायालय में प्रस्तुतिकरण नहीं हुआ है, उनका भी निपटारा किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए विगत दो माह से लगातार तैयारी की जा रही है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश पारीक द्वारा सभी न्यायाधीशों, अधिवक्ता संघ, जिला कलेक्टर बैकुण्ठपुर कोरिया, जिला कलेक्टर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर तथा पुलिस अधीक्षक बैकुण्ठपुर एवं मनेंद्रगढ़ के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों को लोक अदालत में रखने एवं उनके निराकरण में सक्रिय सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी पक्षकारों से अपील की गई है कि जिनके प्रकरण न्यायालयों में लंबित हैं, वे राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होकर आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने मामलों का त्वरित एवं सरल समाधान प्राप्त करें। लोक अदालत के माध्यम से समय, धन और अनावश्यक न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिलने के साथ-साथ आपसी संबंधों में भी मधुरता बनी रहती है।

### श्रमिकों को मिलेगा बढ़ा हुआ वेतन

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 की धारा 3(बी) के अंतर्गत विभिन्न नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए संशोधित न्यूनतम वेतन दरों की अधिसूचना जारी की गई है।

जारी आदेश के अनुसार यह नई वेतन दरें 01 अप्रैल 2026 से 30 सितंबर 2026 तक प्रभावशील रहेंगी। अधिसूचना में मासिक एवं दैनिक वेतन के साथ परिवर्तनशील महंगाई भत्ता भी शामिल किया गया है।

### बिरौरीडांड में जन समस्या निवारण शिविर

**मनेन्द्रगढ़ ।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत विकासखंड मनेंद्रगढ़ के ग्राम पंचायत बिरौरीडांड में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर ग्रामीणों के लिए राहत और भरोसे का केंद्र बन गया। संवाद से संपूर्ण समाधान थीम पर आयोजित इस शिविर में 12 ग्राम पंचायतों के हजारों ग्रामीणों ने भाग लेकर शासन की योजनाओं और सेवाओं का सीधा लाभ प्राप्त किया। इस जन समस्या निवारण शिविर में ग्राम पंचायत केवटी, रोझी, डिहुली, पहाड़हंसवाही, बिरौरीडांड, बड़काबहरा, केराबहरा, रोकड़ा, कछौड़, ताराबहरा, शिवगढ़ और डुगला को शामिल करते हुए आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह, जनपद अध्यक्ष जानकी बाई खुसरो, उपाध्यक्ष ज्योति गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य अनीता सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

सरगुजा मार्केट

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 9 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 24 मई 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 10 मई 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING
·DEEMED COLLEGE
·COUNSELLING
·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
·FORM FILLUP ASSISTANCE
·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance
Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE
ANU SHARMA 9109920477

TOP IN SURGUJA
ASHISH
COACHING CLASSES AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN FOR ENTRANCE EXAM PREPARATION 2027
SAINIK | NAVODAYA | CLASS 1-10
सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश प्रारम्भ! 2027 | स्कूल कोचिंग क्लास 1-10
Near Panchsheel Hotel,SBI Collectorate Road,Ghadi Chowk Ambikapur (C.G.) 9009851591

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
· फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
· उठने बैठने में तकलीफ
· जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
· घुटनों में सूजन होना
· कंधे की ताकत कम होना
· कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
· सुबह जोड़ों में अकड़न होना
· चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल मे
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 9 मई 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



4 आर्टिफिशियल इंटेलजेन्स भविष्य की सबसे प्रभावशाली तकनीक









## रिजर्व फॉरेस्ट पर किया गया था कब्जा, 2021 में 54 लोगों को जारी हुआ था नोटिस

# महामाया पहाड़ के डबरीपानी में चला बुलडोजर, 21 मकान जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

शुक्रवार की सुबह शहर महामाया पहाड़ के बधियाचुआं डबरीपानी में वन विभाग का बुलडोजर चला। वन विभाग ने कब्जा कर बनाए गए मकानों को तोड़ने के साथ ही वनभूमि को कब्जामुक्त कराने का कार्य किया गया। इस कार्रवाई में वन विभाग के साथ राजस्व और पुलिस विभाग की टीम शामिल रही। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। टीम को लोगों के विरोध का भी सामना करना पड़ा लेकिन बारी भारी पुलिस बल की मौजूदगी में लोगों के घरों को खाली कराने के साथ ही उनपर बुलडोजर चलाया गया। दिनभर चली कार्रवाई के बाद टीम ने 21 मकानों को जमींदोज कर दिया। इनमें 18 पुराने कब्जाधारी के साथ ही 3 नए कब्जाधारी भी शामिल है। वहीं पूर्व डिप्टी सीएम ने कार्रवाई को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि उन बिचौलिए पर भी कार्रवाई होनी चाहिए जिन्होंने लाखों रूपए लेकर शासकीय भूमि का कब्जा बेचा इसके साथ ही उन अधिकारी कर्मचारियों की जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए जिन्होंने कब्जा होने दिया।

बता दें कि शहर के महामाया पहाड़ पर बड़ी संख्या में लोगों ने कब्जा कर अवैध रूप से मकानों का निर्माण किया गया है। महामाया पहाड़ पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए वर्षों से पहल चल रही है और इस बीच वन विभाग ने महामाया पहाड़ के बधियाचुआं डबरीपानी क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस कार्रवाई के तहत रिजर्व फारेस्ट 2582 में किए गए कब्जा को हटाने के लिए गुरुवार की रात के अंधेरे में लोगों के घरों में नोटिस चस्पा किया गया था। नोटिस चस्पा करने पहुंची वन विभाग की टीम को स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के विरोध का सामना करना पड़ा था इसके साथ ही क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। नोटिस चस्पा होने के बाद लोगों ने रातभर खुले आसमान के नीचे गुजारी। वहीं अल सुबह वन विभाग के साथ ही राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की टीम भारी दलबल के साथ मौके पर पहुंची थी। अतिक्रमण हटाने के लिए टीम के पहुंचते ही हडकंप मच गया और लोग अधिकारियों के सामने मिन्नतें करते नजर आए लेकिन अधिकारियों ने लोगों की एक नहीं सुनी। एसडीओ श्वेता कंबोज, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, एसडीएम बन सिंह नेताम, एसडीओ श्रीमती जेनी ग्रेस कुजूर, रेंजर आशीष कुमार देवांगन के नेत्रित्व में पहुंची टीम ने लोगों को जल्द से जल्द अपना अपना मकान खाली करने की अंतिम चेतावनी दी। अंतिम चेतावनी के बाद लोगों में अफरा तफरी मच गई। बरसों से पाई पाई जमा कर अपना आशियाना बसाने वाले लोगों को घरों को खाली किया। मकानों के खाली होने के बाद वन विभाग ने अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया। जेसीबी मशीनों की मदद से रिजर्व फारेस्ट की भूमि पर किए गए कब्जा को मुक्त कराया गया। देर शाम तक चली कार्रवाई के दौरान टीम ने कुल 21 मकानों को जमींदोज कर दिया।

### 35 ले आए स्टे ऑर्डर, एक के पास मिला वन अधिकार पत्र, रात के अंधेरे में नोटिस चस्पा करने का हुआ विरोध





### 54 को नोटिस, 35 ले आए स्टे

बताया जा रहा है कि वन विभाग ने आरएफ 2582 डबरीपानी में कुल 54 अतिक्रमणकारियों को वर्ष 2021 में नोटिस जारी किया था इसके साथ ही उन्हें अतिम नोटिस 29 जुलाई 2021 को जारी किया गया और उसके बाद से ही अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही थी। इस बीच वन विभाग द्वारा भारतीय वन अधिनियम की धारा 80 'अ' के तहत अंतिम बेदखली आदेश 17 जनवरी 2025 को जारी किया था। इस नोटिस के बाद 54 में से 34 अतिक्रमणकारी हाईकोर्ट का नोटिस ले आए थे। इन अतिक्रमणकारियों ने खुद को वन अधिकारी पत्र के लिए पात्र बताते हुए आवेदन किया है और इनके प्रकरण लम्बित है। वहीं कार्रवाई के दौरान एक अतिक्रमण कारी ने हाईकोर्ट का स्टे पेश किया जबकि एक के पास वन अधिकार पत्र था। ऐसे में इन दो मकानों को भी छोड़ दिया गया जबकि शेष 18 मकानों को वन विभाग ने जमीदोज किया। वहीं जिन लोगों के वन अधिकार पत्र के प्रकरण लंबित है उनका निर्णय पात्रता के निर्धारण और सुनवाई के बाद किया जाएगा।

### जिन्होंने कब्जा बेचा उनपर भी हो कार्रवाईः सिंहदेव

वन विभाग द्वारा की गई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की लापरवाही के कारण ऐसी स्थिति बनती है और अतिक्रमण का क्रम चलता है। भू माफिया इस तरह के कारोबार में लिप्त होते है वो कब्जा बेचते है और यह प्रशासनिक अधिकारियों की जानकारी व मौन सहमती के बिना नहीं हो सकता है।

### हटाए गए हैं 21 अतिक्रमण

रिजर्व फॉरेस्ट के कक्ष क्रमांक 2582 में 54 लोगों ने अतिक्रमण किया था और सभी को अंतिम बेदखली नोटिस एक साल पहले ही जारी किया गया था। इनमें से 34 लोगों ने हाईकोर्ट से स्टे लाया था। कार्रवाई के दौरान एक अन्य ने स्टे ऑर्डर और एक ने वन अधिकार पत्र प्रस्तुत किया। मौके पर तीन नए अतिक्रमण भी पाए गए। इस तरह 18 पुराने और 3 नए कुल 21 मकानों को तोड़कर कब्जा मुक्त कराया गया है। कार्रवाई के लिए दिन के समय में ही अलाउंसमेंट कराया गया था। भविष्य में शेष बचे लोगों में जो पात्र नहीं होने उनपर भी कार्रवाई करेंगे।

**अभिषेक जोगावत**, डीएफओ सरगुजा

### कार्रवाई के बीच हो गए तीन नए अतिक्रमण

कार्रवाई के दौरान यह बात भी सामने आई कि तीन नए अतिक्रमण भी किए गए है। वन विभाग ने इन तीन नए अतिक्रमण को भी हटाया गया लेकिन बड़ा सवाल यही है कि जब 2021 से महामाया पहाड़ पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है तो फिर नया अतिक्रमण कैसे हो गया। सवाल उठाए जा रहे है कि जिस समय नया अतिक्रमण किया जा रहा था उस समय जिम्मेदार अधिकारी कहां थे और उन्होंने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की और अतिक्रमण को होने दिया।

### रात में चस्पा किए गए नोटिस

बड़ी बात यह है कि वर्षों से चल रही अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया के दौरान कब्जाधारियों को मकान खाली करने के लिए नोटिस चस्पा करने का काम गुरुवार की रात को किया गया। वन विभाग की टीम रात के समय नोटिस लेकर पहुंची थी और लोगों के मकानों पर चस्पा कर रही थी। इस दौरान कुछ लोगों ने इसकी सूचना कांग्रेस नेता सतीश बारी को दी। सूचना के बाद पूर्व पार्षद सतीश बारी व अन्य मौके पर पहुंचे और रात के समय नोटिस चस्पा किए जाने पर वन विभाग के लोगों से सवाल किया।

## खबर संक्षेप

### बतौली के घोघरा व लुण्ड्रा के झेराडीह में शिविर आज

अम्बिकापुर। सुशासन तिहार-2026" अंतर्गत 9 मई को जिले के ग्रामीण क्षेत्र में दो जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होंगे। विकासखण्ड बतौली में शिविर स्थल घोघरा (मा.शा.परिसर) में शिविर लगेगा। जिसमें 14 ग्राम पंचायतों घोघरा, मानपुर, शिवपुर, टेड़गा, सल्याडीह, बांसाझाल, टीरंग, बोढ़ा, बिलासपुर, घुटरापारा, तरागी, ललाती, पोपरेंगा, सिलमा के ग्रामीण अपने मांगो एवं शिकायतों सम्बन्धी आवेदन देंगे। शिविर प्रभारी अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सीतापुर एवं सहायक प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बतौली होंगे। इसी प्रकार विकासखण्ड लुण्ड्रा में शिविर स्थल झेराडीह (प्रा.शा. व पंचायत भवन परिसर) में शिविर होगा। जिसमें 20 ग्राम पंचायतों झेराडीह, बरगीडीह, गढ़बीरा, तुरियाबिरा, सिलसिला, लमगांव, असकला, कोट, गंगापुर, ऊंचडीह, गेरसा, जरहाडीह, डहौली, खाराकोना, उरदरा, महोरा, जराकेला, ससौली, जामडीह, दोरना के ग्रामीण अपने मांगो एवं शिकायतों सम्बन्धी आवेदन देंगे। शिविर प्रभारी अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लुण्ड्रा एवं सहायक प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लुण्ड्रा होंगे। बता दें शासन के निर्देशानुसार जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित रूप से सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत 10 जून तक जिले में शिविर आयोजित होंगे।

### सावंत सरना ग्राम पंचायत डीपाडीहकला में शिविर 11 को

बलरामपुर। जिले में चल रहे सुशासन तिहार समाधान शिविर विकासखण्ड शंकरगढ़ के सावंत सरना ग्राम पंचायत डीपाडीहकला में 2 जून को निर्धारित किया गया था। उक्त शिविर में संशोधित करते हुए 11 मई को निर्धारित की गई है। शिविर में ग्राम पंचायत डीपाडीह कला, अय्यारी, चांगरो, बादा, कोदवा, रेहडा, देवसराकला, उदरसई, कृष्णनगर, कोटालू, उमको, करमीउरांवटोली, घुघरीकला, कोठली, नवाडीह के ग्रामीण लाभान्वित होंगे।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत देवगढ़ में कार्यक्रम 11 को

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व अटूट आस्था के 1000 वर्ष 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 की अवधि के लिए एक वर्षव्यापी राष्ट्रीय स्मरणोत्सव के रूप में गतिविधियों का आयोजन ग्राम पंचायत, ब्लॉक और तहसील स्तर से लेकर जिला और राज्य स्तर तक सभी शिवालयों (शिव मंदिरों) में भक्तिपूर्ण, सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है। जिपं सीईओ एवं ज्ञानभारतम के नोडल अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल ने बताया कि 11 मई को सोमनाथ में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में एक विशेष राष्ट्रीय शिखर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी कड़ी में सरगुजा जिले में भी सोमनाथ स्वाभिमान पर्व आयोजन का सीधा प्रसारण करने हेतु व्यापक रूप से तैयारी की जा रही है।

## सटीक नक्शा तैयार कर करें जनगणना का कार्य : पिंगुआ

■ अपर मुख्य सचिव ने किया जनगणना कार्यों का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**अम्बिकापुर।** शुक्रवार को सरगुजा के प्रवास पर पहुंचे अपर मुख्य सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मनोज कुमार पिंगुआ ने जिले में चल रहे जनगणना कार्य की समीक्षा की। अपर मुख्य सचिव श्री पिंगुआ ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। अम्बिकापुर शहरी क्षेत्र में ईरानी बस्ती वार्ड क्रमांक 25, रामानुज वार्ड क्रमांक 33 तथा ग्रामीण क्षेत्र में चठीरमा पहुंचकर उन्होंने प्रगणकों द्वारा किए जा रहे सर्वे कार्य की जानकारी ली तथा घर-घर जाकर किए जा रहे मकान सूचीकरण की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने प्रगणकों द्वारा तैयार नक्शों का अवलोकन करते हुए कहा कि सटीक नक्शा तैयार कर जनगणना कार्य करें। उन्होंने अब तक की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए सभी जानकारी नागरिकों की सहमति से सटीक रूप से दर्ज की जाए। उन्होंने प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रगणकों को नागरिकों से विनम्र संवाद स्थापित करने, गोपनीयता बनाए रखने तथा प्रत्येक जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करने कहा ।

## धूप-छांव के बीच बढ़ा बादलों का घनत्व, तेज हवा के साथ बौछारें

■ मई मध्य तक सिस्टम के सक्रिय रहने की संभावना

**अम्बिकापुर।** शुक्रवार को तेज रफ्तार हवाएं चलने के साथ ही शाम में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई। मौसम विज्ञानी फिलहाल अंधड़ पानी से राहत नहीं मिलने एवं मई मध्य तक मौसम के प्रभावित रहने एवं बीच-बीच में गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

उत्तर भारत में लगातार एक के बाद एक पछुआ विक्षोभ सक्रिय होने के कारण पिछले एक सप्ताह से मौसम बदला हुआ है। विक्षोभ के प्रभाव से देश के विभिन्न हिस्सों में चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका के प्रभावी होने के कारण खाड़ी से लगातार नमी पहुंच रही है जिससे आसमान पर बादलों की सक्रियता बढ़ गई है। बीच-बीच में तेज धूप भी निकल रही है। धूप-छांव के बीच शुक्रवार को आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही तेज रफ्तार हवाएं चली एवं गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ी। मौसम कार्यालय द्वारा कुल 1 मिमी वर्षा रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विज्ञानी के अनुसार वर्तमान में उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखंड में चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पछुआ विक्षोभ सक्रिय है वहीं मध्य राजस्थान, पंजाब, उत्तरप्रदेश एवं उड़ीसा में चक्रवाती परिसंचरण वहीं पाकिस्तान मध्य राजस्थान व पंजाब के ऊपर प्रभावी चक्रवाती परिसंचरण से उत्तर बांग्लादेश तक एक द्रोणिका प्रभावी है। एक साथ कई मौसमी घटकों के प्रभावी होने से भविष्य में वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने के साथ ही 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की आंधी चलने एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई जा रही है। पूर्व में सक्रिय पछुआ विक्षोभ अभी कमजोर नहीं पड़ा है तथा आगामी तीन दिनों तक इसके प्रभावी रहने की संभावना जताई जा रही है। इधर 10 मई को उत्तर भारत में एक नए विक्षोभ के पहुंचने की संभावना है।

## पांगन नदी महुआ घाट में अवैध रेत उत्खनन, ग्रामीणों में भारी आक्रोश



**रामानुजगंज।** विकासखंड रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम पचावल स्थित पांगन नदी के महुआ घाट से पोकलेन मशीन लगाकर अवैध रेत उत्खनन करने का मामला सामने आया है। लगातार हो रहे अवैध उत्खनन को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर दिन-रात नदी से रेत निकाला जा रहा है जिससे नदी का स्वरूप बिगड़ रहा है और पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि भारी मशीनों के उपयोग से नदी के किनारों का कटाव बढ़ गया है तथा आसपास के क्षेत्रों में जलस्तर प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि अवैध उत्खनन के कारण ग्रामीण मार्ग भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और लगातार भारी वाहनों की आवाजाही से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर अवैध उत्खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।इस संबंध में खनिज विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों से लगातार कार्रवाई की मांग उठ रही है वहीं क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में एसडीएम आनंद राम नेताम ने बताया कि पांगन नदी से अवैध रेत उत्खनन होने का मामला संज्ञान में आया है।मामले की जांच कराने के साथ ही दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर

बहन के साथ बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहे बाइक सवार को करमडीहा के समीप पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम मेढ़ारी निवासी राम बरन आ. पंचम राम (22 वर्ष) गुरूवार को बहन रामे के साथ बाइक से त्रिकुंडा क्षेत्र के ग्राम मोहली साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने गया था। बाजार से खरीदारी कर वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम करमडीहा के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीटी 1992 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बहन को मामूली चोटे आई जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकराया ट्रेलर, वाहन में फंसे चालक की मौत

अम्बिकापुर। एनएच 130 जोगी बांध के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रेलर के पीछे ट्रेलर वाहन के टकरा जाने से वाहन में फंसे चालक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के गाजीपुर अंतर्गत थाना मरहा केलही निवासी उपेन्द्र कुमार आ. विजय (31 वर्ष) पिछले दो साल से रतनपुर में नवीदात के यहा ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीएल 6250 को चलाने का काम करता था। 5 मई को बिलासपुर महान खदान 3 से प्रतापपुर जाने के लिए निकला था। चालक जैसे ही वाहन लेकर एनएच 130 जोगीबांध के समीप पहुंचा तभी सड़क किनारे खड़े ट्रेलर क्रमांक सीजी 15 ईसी 5740 के पीछे जा टकराया। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक वाहन में ही फंस गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच लोगों की मदद से किसी तरह घायल चालक को बाहर निकाला और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चालक की गुरूवान की शाम उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### जिला स्तरीय सम्मेलन में किया गया सम्मानित

# श्रमिकों के बिना विकास की परिकल्पना संभव नहीं-सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



निर्माण श्रमिकों के सशक्तिकरण और उन्हें शासन की योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से सांसद चिंतामणि महाराज के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद श्री चिंतामणि ने कहा कि श्रमवीरों के सच्चे सम्मान के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है।

राज्य सरकार द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन में सुशासन और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के बिना विकास की परिकल्पना भी संभव नही है। शासन के कुशल नेतृत्व में श्रमिकों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई है। जिनके बेहतर क्रियान्वयन से श्रमिक को लाभ मिल रहा है। प्रदेश सरकार सभी वर्ग के हितों के विकास के दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने श्रमिकों को पंजीयन कर योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। जनपद अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा चेरवा ने कहा कि श्रमिकों की मेहनत और समर्पण के कारण ही विकास कार्यों को गति मिल रही है तथा देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर ने कहा कि देश के विकास में श्रमिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है और श्रमिकों के हितों की रक्षा, उनके सम्मान, आर्थिक सुरक्षा एवं सामाजिक संरक्षण के लिए श्रम विभाग निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में असंगठित एवं संगठित श्रमिकों को श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के कल्याण के लिए महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री नौनिहाल सुरक्षा योजना, नौनिहाल शिक्षा एवं छात्रवृत्ति योजना, श्रमिक सियान सहायता योजना, दिव्यांग सहायता योजना, निःशुल्क गणवेश वितरण तथा प्रसूति सहायता योजना जैसी अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से श्रमिक परिवारों को आर्थिक एवं सामाजिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी पात्र श्रमिक श्रम विभाग में अपना पंजीयन अवश्य कराएं, ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले सकें। कार्यक्रम के दौरान मंच से जनप्रतिनिधियों द्वारा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न विभागीय योजनाओं के तहत सहायता राशि के चेक वितरित किया गया।




## खबर संक्षेप

### किसानों से लिए शुल्क की राशि वापस दिलाने की मांग

**राजपुर।** धान खरीदी के दौरान किसानों से तौलाई, भराई, सुतली एवं पलटी करने के लिए गए शुल्क की राशि वापस दिलाने की मांग को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है। उन्होंने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर बलरामपुर जिले की सभी समितियों में किसानों से ली गई राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष जिले की विभिन्न समितियों के माध्यम से लाखों क्विंटल धान की खरीदी की जाती है। धान बेचने के लिए जब किसान खरीदी केंद्रों में पहुंचते हैं, तब उन्हें धान की तौलाई, भराई, पलटी तथा सुतली सहित अन्य कार्यों के लिए अलग से राशि देनी पड़ती है। समिति प्रबंधकों द्वारा किसानों को यह आश्वासन दिया जाता है कि उक्त राशि बाद में उनके खाते में वापस कर दी जाएगी, लेकिन अधिकांश किसानों को आज तक यह भुगतान नहीं मिल पाया है। मुकेश गुप्ता ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि जिले की सभी सहकारी समितियों की जांच कराई जाए तथा किसानों से तौलाई, भराई और अन्य मदों में ली गई राशि का सत्यापन कर उसे सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा कराया जाए।

### फांसी लगाने से गंभीर युवक की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** युवक ने अज्ञात कारण से अपने कमरे में फांसी लगा लिया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम मोहरा निवासी सुदर्शन आ. इंदर (25 वर्ष) 4 मई की देर रात घर आया और कमरे में सो गया। इसी बीच देर रात युवक अपने कमरे में कपड़ा के सहारे फांसी लगा लिया। घटना को देख मां ने शोर मचाई तो परिजन किसी तरह उसे फांसी से उतार तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

### एसजीजीयू द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स भविष्य की सबसे प्रभावशाली तकनीक

**अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय द्वाराहैंड्स ऑन प्रैक्टिसेस ऑन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर आयोजित पाँच दिवसीय कार्यशहला के अंतिम दिन कार्यशाला के उद्देश्य,युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग तथा आधुनिक डिजिटल तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई।



कार्यशाला में कुलपति प्रो. राजेन्द्र लाकपाले ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस भविष्य की सबसे प्रभावशाली तकनीकों में से एक है और आने वाला समय पूरी तरह एआई आधारित होने जा रहा है।भविष्य में संभव है कि अधिकांश कक्षाओं की शिक्षण व्यवस्था एआई संचालित हो जाए और विश्वविद्यालय केवल पारंपरिक शिक्षा केंद्र न रहकर आईटी हब के रूप में विकसित हों। उन्होंने विद्यार्थियों से नई तकनीकों को सीखने, डिजिटल कौशल विकसित करने तथा शोध और नवाचार के क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। कुलपति ने कहा कि एआई केवल एक तकनीक नहीं बल्कि भविष्य की आवश्यकता है और जो युवा समय के साथ स्वयं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाएंगे, वही आने वाले समय में सफलता प्राप्त करेंगे। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. आलोक कुमार कुशवाहा ऑनलाइन माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और आधुनिक तकनीकी विकास के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी तथा कहा कि वर्तमान समय में एआई शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, कृषि और व्यवसाय जैसे अनेक क्षेत्रों में तेजी से परिवर्तन ला रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को नई तकनीकों को सीखने और शोध गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। डॉ. मोहन राव मामडीकर ने फ्रॉड डिटेक्शन बाय मशीन लर्निंग विषय पर कहा कि डिजिटल युग में ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर स्कैमिंग और वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसे रोकने में मशीन लर्निंग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने विभिन्न एआई आधारित तकनीकों और एल्गोरिद्म के माध्यम से समझाया कि मशीन लर्निंग संदिग्ध गतिविधियों का विश्लेषण कर संभावित धोखाधड़ी की पहचान करने में सक्षम है। इस दौरान प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से विभिन्न तकनीकी विषयों पर प्रश्न पूछे जिसका विशेषज्ञों ने समाधान किया। समापन अवसर पर कुलपति ने शिक्षकों, विशेषज्ञों और प्रतिभागई विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया।

## ऑफिसर्स कॉलोनी स्थित महिला चिकित्सक के घर चोरी

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर पुलिस ने ऑफिसर कॉलोनी स्थित 2ए क्वार्टर नंबर 39 में महिला चिकित्सक के घर हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है,आरोपी ने नगदी रकम चोरी करने के साथ-साथ दो मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को भी स्वीकार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार एसईसीएल केंद्रीय अस्पताल बिश्रामपुर में पदस्थ सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. शुभांगी वर्मा ने 7 अप्रैल को थाना बिश्रामपुर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी,उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल की शाम वह इमरजेंसी ड्यूटी के लिए घर के दरवाजे में ताला लगाकर गई थीं,अगले दिन सुबह करीब 7:30 बजे ड्यूटी से लौटने पर घर का गेट खुला मिला और दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर रखे पर्स से लगभग 40 हजार रुपये नकद चोरी हो चुके थे,रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि शिवनंदनपुर निवासी आदित्य साहनी घटना के दिन संदिग्ध अवस्था में घूमता देखा गया था। पुलिस ने लगातार तलाश के बाद 7 मई को आरोपी को पकड़कर पूछताछ की जिसमें आरोपी युवक आदित्य साहनी पिता रमेश साहनी उम्र 19 वर्ष निवासी श्रीराम चौक शिवनंदनपुर ने चोरी करना स्वीकार किया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की हुई मौत

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम कमलपुर में अंकित मंडल के यहां सपरिवार रहकर मजदूरी करने वाले उदयपुर थाना निवासी 35 वर्षीय युवक अमरजीत बिंझिया पिता माझी बिंझिया की शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई,पुलिस ने सूचना पर शव का पंचनामा करने पश्चात मर्ग कायम किया है,पुलिस ने बताया कि मृतक शराब सेवन करने का आदि था,वह कमलपुर निवासी अंकित मंडल के यहां सपरिवार रहकर मजदूरी करता था,कल उसने शराब के नशे की हालत में पत्नी से विवाद किया जिसके बाद उसकी पत्नी अपने रिश्तेदार के यहां रहने अंबिकापुर चली गई है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# हसदेव अरण्य के अंतर्गत आने वाले कोल ब्लाक को फारेस्ट क्लीयरेंस नहीं दिया जाए : टीएस

**अम्बिकापुर।** केते एक्सटेंसन कोल ब्लॉक की वन स्वीकृति देने के मुद्दे पर होने वाली केन्द्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वन सलाहकार समिति (एफएसी) की बैठक से पहले पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने समिति के सदस्यों से बात की। उन्होंने ईमेल व वाट्सएप से कई दस्तावेज भेज कर ऐतिहासिक स्थल रामगढ़ के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में पहल करते हुए कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया व केते एक्सटेंशन कोल माइन जो हसदेव अरण्य कोल फील्ड्स का हिस्सा है के लिये फारेस्ट क्लीयरेंस नहीं देने अथवा रिजेक्ट करने की मांग की है।



पूर्व डिप्टी सीएम ने बताया कि 1,742.155 हेक्टेयर जंगल की जमीन माइनिंग के लिए इस्तेमाल की जाएगी जिससे लगभग 7 लाख से ज्यादा पेड़ काटे जाएंगे जो एक पुराने और साफ-सुथरे जंगल का हिस्सा है।इस इलाके में माइनिंग की वजह से पास की रामगढ़ पहाड़ियों में कई दरारें आ गई हैं, जो एएसआई के सेंट्रल प्रोटेक्टेड स्मारक का हिस्सा है। पहाड़ी की एरियल दूरी 8 किमी है लेकिन रिपोर्ट में इसे गलत तरीके से खनन स्थल से 10 किलोमीटर से ज्यादा दूर बताया गया है। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि खदान की दूरी पहाड़ी के सबसे पास वाले किनारे से नहीं, बल्कि सबसे दूर वाले किनारे से मापी गई थी, जहां प्राचीन गुफाएं मौजूद हैं। अगर यह पहाड़ी गिर जाती है, तो रामगढ़ की प्राचीन गुफाएँ और मंदिर भी इसके साथ ही नष्ट हो जाएंगे। पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने यह भी कहा है कि भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून ने एनजीटी के आदेश पर 2021 में अपनी रिपोर्ट हसदेव अरण्य कोयला क्षेत्र, छत्तीसगढ़ में चुनिंदा जीव समूहों पर विशेष ज़ोर के साथ जैव विविधता का आकलन (खंड II) सौंपी थी। इस रिपोर्ट में डब्ल्यूआईआई साफ तौर पर यह सिफारिश की है कि पीईकेबी-1 को छोड़कर, बाकी सभी नई खदानों के लिए केते एक्सटेंशन को खनन के लिये नो गो एरिया घोषित किया जाए। यहां तक कि आईसीएफआरसी, देहरादून द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट पूरे हसदेव-अरण्य कोयला क्षेत्र में जैव विविधता का अध्ययन, जिसमें छत्तीसगढ़ के तारा, परसा, परसा ईस्ट और कांता बासेन, और केते एक्सटेंशन कोयला ब्लॉक शामिल हैं (खंड-I 2021) में भी साफ तौर पर यह सुझाव दिया गया है ।







